CHR

# मानव अधिकार में सर्टिफिकेट कार्यक्रम
# (सी. एच. आर.)

## CHR-11 मानव अधिकार – विकास, अवधारणाएँ तथा चिंताएँ

## CHR-12 भारत में मानव अधिकार

## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य
## (जनवरी 2025 एवं जुलाई 2025)

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय


विधि विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विष्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

# मानव अधिकार में सर्टिफिटेक कार्यक्रम
# (सी. एच. आर.)

प्रिय विद्यार्थीगण,

विश्वविद्यालय के दिशा–निर्देषों के अनुसार, आपको चयनित किए गए प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना होगा।

प्रत्येक सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर लगभग 600 शब्दों, 300 शब्दों और 150 शब्दों में देने हैं। आप पाएँगें कि सत्रीय कार्यों में प्रश्न विष्लेषित और वर्णनात्मक हैं जिससे आप इसे अच्छी तरह से समझ सकते हैं और इसकी अवधारणा को सम्मिलित कर सकते हैं।

यह महत्वपूर्ण है कि आप सभी प्रश्नों के उत्तर अपने ही शब्दों में लिखें। आपके उत्तर प्रत्येक प्रश्न के अनुसार निश्चित शब्द–सीमा की लगभग श्रेणी के अंदर ही होने चाहिए। याद रखिए, सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर देने से आपकी लिखने के कौशल में सुधार आएगा और सत्रांत परीक्षा की तैयारी भी कर सकेंगे।

**जमा करना**

सत्रीय कार्यों को पूरा करके इसे अपने **अध्ययन केन्द्र के संचालक** के पास भेज दें। अध्ययन केन्द्र में सत्रीय कार्य को भेजने के बाद निर्धारित प्रेषण और पावती कार्ड पर अध्ययन केन्द्र के संचालक से प्राप्ति की सूचना ले लें। सत्रीय कार्य के जो उत्तर आप अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक को देते हैं, उसकी एक प्रति अपने पास रिकॉर्ड के लिए रख लें।

एक बार जाँच होने के बाद अध्ययन केन्द्र आपको जाँच किया गया अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य वापस कर देगा। इसके लिए उसको आग्रह कीजिए। अध्ययन केन्द्र आपके अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेज देगा।

सत्रांत परीक्षा में बैठने के लिए आपको सत्रीय कार्य निम्न के अनुसार जमा कराने होंगे।

**जनवरी 2023 सत्र के लिए – 31 मार्च 2025 तक**

**जुलाई 2023 सत्र के लिए – 30 सितम्बर 2025 तक**

## सत्रीय कार्य करने के लिए कुछ दिशा–निर्देष

हम आषा करते हैं कि आप प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सत्रीय कार्य में दिए गए निर्देषों के अनुसार देंगे। निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखना आपके लिए लाभप्रद होगा।

1) **योजनाः** सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़ें, और इकाईयों को ध्यानपूर्वक पढ़ें जिनपर वे आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए कुछ बिन्दु बनाएँ और उनको तर्क के आधार पर पुनः व्यवस्थित करें।

2) **संगठनः** अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा तैयार करें जिससे आप कुछ बिन्दुओं को चुन सकते हैं और उनको विश्लेषित कर सकते हैं। प्रष्न की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर उचित ध्यान दें।
   यह निश्चित करें किः
   क) उत्तर तर्क–आधारित और सुसंगत है।

ख)	वाक्यों और अनुच्छेदों के बीच स्पष्ट संबंध है।
ग)	आपकी अपनी अभिव्यक्ति और शैली के अनुसार प्रस्तुति सही है।

3)	**प्रस्तुतिः** एक बार जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हैं तो जमा कराने के लिए उसका अंतिम रूपांतरण लिख सकते हैं। **यह आवष्यक है कि सभी सत्रीय कार्य आपकी अपनी लिखाई में सफाई से लिखे हों।** यदि आप चाहते हैं तो मुख्य बिन्दुओं को रेखांकित कर सकते हैं। यह निश्चित करें कि उत्तर निश्चित शब्द सीमा के अंतर्गत हैं।

शुभकामनाओं के साथ,

समन्वयक,
मानव अधिकार शिक्षा, इग्नू, नई दिल्ली

# मानव अधिकार में सर्टिफिटेक कार्यक्रम
# (सी. एच. आर.)

## पाठ्यक्रम कोड : CHR-11
## पाठ्यक्रम शीर्षक : मानव अधिकार – विकास, अवधारणाएँ तथा चिंताएँ
## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (जनवरी 2025 एवं जुलाई 2025)

**कार्यक्रम : CHR**
**पाठ्यक्रम कोड : CHR-11**
**सत्रीय कार्य कोड : CHR-11/AST/TMA/2025**
**अधिकतम अंक : 100**

**केवल 10 प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है। (10× 10 = 100)**

1. आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदा, 1966 में सम्मिलित विविध अधिकारों की चर्चा कीजिए। इन अधिकारों की सीमाएं क्या हैं।

2. बाल अधिकार अभिसमय. 1989 के प्रमुख सिद्धान्तों का आलोचनात्मक मुल्यांकन कीजिए।

3. वर्तमान अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक व्यवव्था के तहत राज्य प्रभुसत्ता एवं मानव अधिकारों के संबंधों की जाँच कीजिए।

4. मानव अधिकारों के कृियान्वयन मे मानव अधिकार संबम्धि संधियो में प्रदान की गई मशीनरी की चर्चा कीजिए। मानव अधिकारों के संरक्षण में ऐ कहॉ तक सफल रही है।

5. मानवाधिकार क्या है। मानव अधिकार संबंधी सिद्धांतों के विकास में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।

6. आत्म निर्णय को परिभाषित कीजिए। आतंरिक तथा बाहरी आत्म निर्णय में अंतर स्पष्ट कीजिए।

7. चौथा विश्व महिला सम्मेलन (बीजिंग 1995) के महत्वपूर्ण परिणामों की चर्चा कीजिए।।

8. मानव अधिकारों को आतंकबाद द्वारा प्रश्तुत चुनौतियों की चर्चा कीजिए।

9. जेनेवा कन्वेंषन के उद्देष्यों पर नोट लिखिए। ।

10. मूल निवासी किन्हें कहते है। इनके मानव अधिकारों को प्रश्तुत चुनौतियों की चर्चा कीजिए।

11. उत्पीडन कें बिरूध समिती पर एक नोट लिखिए।

12. मानव अधिकार एवं प्राकृतिक अधिकार में अंतर स्पष्ट कीजिए।